श्याम तेरा दरबार | By Ranjeeta Shahi

ऐ श्याम तेरा दरबार बड़ा प्यारा लागे
मैं भूल गयी संसार बड़ा प्यारा लागे
ऐ श्याम तेरा दरबार बड़ा प्यारा लागे

जितने भी ये रिश्ते नाते झूठे लगते सारे हैं
हम सब प्रेमी बाबा तेरे ही सहारे हैं
तूने इतना दिया है प्यार बड़ा प्यारा लागे
ऐ श्याम तेरा दरबार बड़ा प्यारा लागे

क़र्ज़ तेरे मैं बाबा कैसे चुकाऊँगी
खुद को मैं भूलू तुझको भूल नहीं पाउंगी
अब तू ही मेरा परिवार बड़ा प्यारा लागे
ऐ श्याम तेरा दरबार बड़ा प्यारा लागे

जब भी जनम लूँ बाबा गुण तेरे गाऊं मैं
भजनो से तेरे बाबा तुझको रिझाऊं मैं
यूँ ही आती रहूं दरबार बड़ा प्यारा लागे
ऐ श्याम तेरा दरबार बड़ा प्यारा लागे

धन और दौलत बाबा मेरे किस काम की
अनुज को लगन है बाबा बस तेरे नाम की
तूने इतने किये उपकार बड़ा प्यारा लागे
ऐ श्याम तेरा दरबार बड़ा प्यारा लागे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-ranjeeta-shahi/